राजस्थान हाईकोर्ट ने 27 सप्ताह के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति देने से इंकार किया

अदालत ने पीड़िता की उम्र का पुनः परीक्षण कराने के आदेश दिये हैं

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने 27 सप्ताह तीन दिन के भ्रूण के गर्भपात की अनुमति देने से इनकार कर दिया है। इसके साथ ही अदालत ने बाल कल्याण समिति की ओर से पीड़िता की उम्र का पुनः परीक्षण कराने के आदेश को रिकॉर्ड पर लिया है। जस्टिस अवनीश झिंगन ने यह आदेश पीड़ित पक्ष की याचिका का निस्तारण करते हुए दिए।

अदालत ने कहा कि सामाजिक व मनोवैज्ञानित दबाव के कारण पीड़िता की जान का जोखिम नहीं उठाया जा सकता। अदालत ने कहा कि पीड़िता को बालिका गृह में रखा जाए और होने वाले नवजात को अस्पताल में सुरक्षित रखा जाए। वहीं अदालत ने पीड़ित पक्ष नवजात को गोद देने के लिए एनओसी देने को कहा है। मामले में नवजात के डीएनए के दो नमूने लेकर पुलिस को सौंपे जाएगे और पीड़िता को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आर्थिक सहायता दी जाएगी।

- **मामले में नवजात के डीएनए के दो नमूने लेकर पुलिस को सौंपे जाएंगे और पीड़िता को राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण की ओर से आर्थिक सहायता दी जाएगी**

याचिका में अधिवक्ता संगीता शर्मा ने बताया कि पीडिता दुष्कर्म के कारण गर्भवती हो गई है। यदि उसने संतान को जन्म दिया तो उसकी सामाजिक और मानसिक स्थिति खराब होगी। ऐसे में उसे गर्भपात की अनुमति दी जाए। वहीं राज्य सरकार की ओर से एएजी विज्ञान शाह ने मेडिकल रिपोर्ट पेश कर गर्भपात से उसकी जान के जोखिम की बात कही। वहीं अदालत के सामने आया कि पीडिता की एक जांच में उम्र 12 साल आई है। जबकि एक्सरे के माध्यम से की गई दूसरी जांच में उसकी उम्र 19-20 साल बताई गई है। वहीं बाल कल्याण समिति ने कहा कि पीड़िता की उम्र का पुनः परीक्षण कराने का निर्णय लिया है। इस पर अदालत ने समिति के निर्णय को रिकॉर्ड पर लेते हुए गर्भपात की अनुमति देने इनकार कर दिया है।

पावणा मिष्ठान भंडार में बेची जा रही पुरानी मिठाईयां नष्ट कराई

जयपुर। मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के निर्देश पर प्रदेशभर में चलाए जा रहे मिलावट के खिलाफ अभियान के तहत शुक्रवार को खाद्य सुरक्षा आयुक्त इकबाल खान के निर्देशन में टीमों ने जयपुर में विभिन्न स्थानों पर कार्रवाई की।

अतिरिक्त आयुक्त पंकज ओझा ने बताया कि गोपालपुरा बाईपास पर पावणा मिष्ठान भंडार पर निरीक्षण के दौरान पुरानी मिठाई मिली, जिसको नष्ट कराया गया। साथ ही, यहां जमीन पर खाद्य सामग्री बनाने और गंदगी जैसी अनेक अनियमितताएं मिलीं। केक वर्ल्ड, गोपालपुरा बाईपास पर एक्सपायरी डेट के ढेर सारे रंग पाए गए। यहां गंदी ट्रे में खाद्य सामग्री तैयार की जा रही थी। साथ ही, मरे हुए चूहे की बदबू आ रही थी। खुले में सामग्री रखी हुई थी।

- **स्वास्थ्य टीम ने महेश नगर स्थित ब्रज वाटिका स्वीट्स पर 150 किलो खराब मिठाई नष्ट करवाई और दुकान मालिक को नोटिस थमाया**

इसी तरह महिन्द्रा सेज इलाके में महापुरा रोड पर जयपुर कोल्ड स्टोरेज में तैयार बर्फ केक वर्ल्ड पर मिली, जिस पर 1 नवंबर, 2024 की मैन्यूफैक्चरिंग डेट लिखी हुई थी। इस फैक्ट्री को पूर्व में भी विभाग के द्वारा बंद करवाया गया था। जयपुर कोल्ड स्टोरेज द्वारा बर्फ का निर्माण कर पूरे जयपुर में बिना बिल और बिना चालान के सप्लाई किए जाने की जानकारी मिली है। केक वर्ल्ड के मालिक ने बताया कि फैक्ट्री संचालक बिल नहीं देता है, इसलिए उनके पास बिल की कॉपी उपलब्ध नहीं है। चालान की प्रति मांगे जाने पर वह भी नहीं पाई गई। जीएसटी सहित अन्य टैक्स की चोरी का भी मामला प्रतीत होता है, संबंधित विभागों को सूचित किया जा रहा है। कार्रवाई में खाद्य सुरक्षा अधिकारी दीपक सिंधी, नंद किशोर एवं राजेश नागर आदि शामिल रहे।

इसी प्रकार मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी जयपुर प्रथम की टीम द्वारा महेश नगर में ब्रज वाटिका स्वीट्स पर निरीक्षण कर लगभग 150 किलो खराब मिठाई नष्ट करवाई गई और सैंपल लेकर नोटिस दिया गया। ओम मिष्ठान भंडार, महेश नगर में भी निरीक्षण कर सैम्पल लिया गया और इम्प्रूवमेंट नोटिस दिया गया। महेश नगर में ही दादू दयाल मिष्ठान भंडार पर भी निरीक्षण कर इंप्रूवमेंट नोटिस जारी किया गया। सभी खाद्य विक्रेताओं को साफ सफाई रखने के निर्देश दिए गए हैं।

स्वास्थ्य विभाग की टीम ने केक वर्ल्ड गोपालपुरा बाईपास पर एक्सपायरी डेट के रंग जब्त किये।

डिश टीवी के लकी ड्रॉ विजेता घोषित

जयपुर। भारत की प्रमुख कंटेंट वितरण कंपनी, डिश टीवी ने अपने खास 'डिश की दिवाली' अभियान के पहले साप्ताहिक लकी ड्रॉ विजेता की घोषणा कर दी है। डिश टीवी इंडिया लिमिटेड के नॉर्थ जोनल बिजनेस हैड अमित भसीन ने बताया कि इस अभियान के जरिए एक करोड़ से अधिक परिवारों को दिवाली का जश्न मनाने का एक अनोखा अवसर दिया जा रहा है। राजस्थान के मेवाड़ जिले के राजसमंद से नरेंद्र सिंह डोडिया ने इस पहले लकी ड्रॉ में टीवीएस जुपिटर स्कूटर जीतकर अपनी दिवाली को यादगार बना लिया है। यह अभियान सभी डिश टीवी, डी2एच और झिंग ग्राहकों के लिए है। इसमें नए ग्राहक आकर्षक कैशबैक और वॉचो मैक्स प्लान के तहत एक महीने की मुफ्त ओटीटी सेवा मिलेगी। साप्ताहिक और बंपर लकी ड्रॉ में भाग लेकर ग्राहक कार जैसे बड़े इनाम जीत सकते हैं।

प्रशिक्षण देंगे

जयपुर। प्रदेश में संस्थानिक एवं गैर संस्थानिक मृत्यु के कारणों का चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र जारी करने के विषय पर शुक्रवार को स्वास्थ्य भवन में प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। निदेशक जनस्वास्थ्य डॉ. रवि प्रकाश माथुर ने बताया कि प्रदेश में मृत्यु के कारणों के चिकित्सकीय प्रमाण पत्र के लिए सभी जिलों में प्रशिक्षण आयोजित किए जाएंगे। गैर संस्थानिक मृत्यु का भी चिकित्सकीय प्रमाण-पत्र जारी करने के लिए प्रक्रिया प्रारम्भ की जाएगी।

चांदपोल सर्किल पर महर्षि वाल्मीकि की 21 फीट ऊंची प्रतिमा लगेगी

जयपुर, (का.सं.)। जयपुर के राजस्थान इंटरनेशनल सेंटर में शुक्रवार को नगर निगम हैरिटेज की तीसरी साधारण सभा हुई। इस दौरान सभी 13 प्रस्ताव पास किए गए। साथ ही पांच सड़कों और भवनों के नाम बदलने का भी फैसला लिया गया है।

मेयर कुसुम यादव ने बताया कि सांसद मंजू शर्मा और विधायक गोपाल शर्मा की मौजूदगी में सभी पार्षदों ने जयपुर के विकास पर एक साथ मिलजुल कर गहन मंथन किया। इस दौरान कुल 13 प्रस्ताव सर्वसम्मति से पारित किए गए हैं। हालांकि निगम के कुछ कर्मचारियों की अभियोजन स्वीकृति को लेकर कुछ असमंजस की स्थिति थी। ऐसे में प्रस्ताव चार के भाग ब को अगली बैठक तक के लिए स्थगित कर दिया गया है।

बैठक में पांच बत्ती सर्कल से सिंहद्वार तक जाने वाले मार्ग का नाम माता लीलावती मार्ग किया गया है। इसी तरह 4 नंबर डिस्पेंसरी से एनबीसी तक जाने वाले मार्ग हसनपुर का नाम बदलकर अब हरिपुरा मार्ग किया गया है। जनाना अस्पताल का नाम बदलकर माता यशोदा अस्पताल किया गया है। चांदपोल सर्किल का नाम बदलकर महर्षि वाल्मीकि सर्कल किया गया है। इस सर्किल पर अब 21 फीट ऊंची महर्षि वाल्मीकि की प्रतिमा लगाई जाएगी। वार्ड 77 के परमानंद पार्क में स्थित भवन का नाम गुलाबचंद नावरिया भवन किया गया है।

बैठक में प्रस्ताव पढ़ने के दौरान विवाद हुआ

बैठक के दौरान प्रस्ताव पढ़ने को लेकर विवाद हुआ। वार्ड 26 के पार्षद सलमान मंसूरी ने कहा कि नगर निगम में अधिकारी मनमर्जी कर रहे हैं। एक-एक परिवार की 20-20 गाय उठा ली जाती है। अधिकारी 50 गज के मकान बनाने से भी बेवजह रोक रहे हैं। कांग्रेसी पार्षद सुनीता महावार ने कहा कि मेयर की ओएसडी (हंसा मीणा) मनमर्जी कर रही है। जो प्रस्ताव बैठक में पढ़े जा रहे है, वह प्रस्ताव पार्षदों को नहीं भेजे गए। वहीं, भाजपा विधायक गोपाल शर्मा ने कहा कि साधारण सभा में प्रस्ताव की एक लाइन में पढ़कर औपचारिकता नहीं होनी चाहिए। बैठक में प्रस्ताव को पूरी तरह डिटेल में पढ़ा जाना चाहिए।

कार्यवाहक महापौर कुसुम यादव

- **हैरिटेज निगम की बोर्ड बैठक में जयपुर की पांच सड़कों व भवनों का नाम बदलने का प्रस्ताव मंजूर**
- **खराब रोड लाइट्स, गायों को पकड़ने और मकान निर्माण में दखलअंदाजी पर पार्षदों ने जताई नाराजगी**

पार्षदों व जनता के फोन उठाएं अफसर : मंजू शर्मा

सांसद मंजू शर्मा ने कहा कि आज की तरह की सादगी से ही हर बार साधारण सभा का आयोजन होना चाहिए। पक्ष-विपक्ष को मिलकर जनता की समस्याओं पर मंथन कर समाधान निकालना चाहिए। सफाई के मामले में जयपुर पिछड़ा हुआ है। मैं चाहती हूं कि इसमें सुधार होना चाहिए। जयपुर को भी इंदौर की तरह नंबर वन बनाने के लिए काम किया जाना चाहिए। मंजू शर्मा ने कहा कि हम भी रात को 12 बजे काम के फोन उठाते है। अधिकारियों को भी पार्षदों और जनता के फोन उठाने चाहिए। अगर किसी भी ठेकेदार के खिलाफ कोई शिकायत आएगी। उसके खिलाफ भी कार्रवाई की जाएगी।

इंडोनेशिया की तरह गलता मंदिर पर बने मंकी टैंपल

आदर्श नगर से पार्षद पारस जैन ने कहा कि गलताजी मंदिर में सावन के महीने में काफी संख्या में कावड़िये आते हैं। उनके लिए टेंपरेरी लॉकर की व्यवस्था नगर निगम द्वारा की जानी चाहिए। इसके साथ ही गलताजी क्षेत्र में इंडोनेशिया के बाली की तर्ज पर मंकी टेंपल बनाया जाना चाहिए।

'नई लाइटें देने के साथ पुरानी भी ठीक कराएं'

दीपावली से पहले नगर निगम हेरिटेज के प्रत्येक वार्ड में 15-15 नई लाइट लगाने के प्रस्ताव को लेकर चर्चा की गई। इस पर कांग्रेसी पार्षद नरेंद्र नागर ने कहा कि नई लाइट लगाने से कुछ नहीं होगा। जुलाई के पहले से लगी हुई लाइट अब तक ठीक से नहीं चल रही है। आम जनता शिकायतें करती है। उनकी शिकायत की सुनवाई नहीं होती है। मैंने खुद ने आम जनता की तरह से निगम में शिकायत की है। उसकी शिकायत नंबर भी मेरे पास है। आज 2 सप्ताह से ज्यादा वक्त बीत जाने के बाद भी लाइट ठीक नहीं हुई है।

भारत जीवंत संस्कृति वाला राष्ट्र : हरिभाऊ बागड़े

जयपुर। राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने कहा है कि भारत जीवंत संस्कृति वाला राष्ट्र है। विश्व की बौद्धिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक धरोहर का मूल यही देश रहा है। उन्होंने कहा कि भारत ने ही विश्वभर को वसुधैव कुटुम्बकम के जरिए सार्वभौमिक समानता का पाठ पढ़ाया। उन्होंने कहा कि आजादी के सौ साल पूर्ण होने का अवसर भारत के उस गौरव को पुनः प्राप्त करने से जुड़ा है। उन्होंने देश की समृद्ध ज्ञान परम्परा और अद्वितीय इतिहास से जुड़ी संस्कृति पर चिंतन-मनन कर भारत को फिर से विश्व गुरु बनाने के लिए सभी को मिलकर प्रयास किए जाने का आव्हान किया है।

- **'वसुधैव कुटुम्बकम के जरिए भारत ने विश्व को सार्वभौमिक समानता का पाठ पढ़ाया'**

बागडे शुक्रवार को एक निजी होटल में जयपुर डायलॉग 2024 के वार्षिक समारोह में संबोधित कर रहे थे। उन्होंने कहा कि भारत विश्व की आर्थिक और सांस्कृतिक महाशक्ति बनें। यह समय हमारी सांस्कृतिक और सभ्यतागत जड़ों की ओर लौटने से जुड़ा है। उन्होंने प्राचीन भारत के वैश्विक व्यापार के केंद्र रहने की चर्चा करते हुए कहा कि प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने आत्मनिर्भर भारत की दृष्टि इसी संदर्भ में दी है। यह प्रधानमंत्री के पंच प्रण-विकसित भारत, मानसिक उपनिवेशवाद के उन्मूलन, हमारी विरासत पर गर्व, नागरिकों की एकता और कर्तव्य से जुड़े हैं। यही हमारी सभ्यता के मूल सिद्धांतों का स्वाभाविक विस्तार है।

राज्यपाल ने शिक्षण संस्थानों में विद्यार्थियों की बौद्धिक क्षमता बढ़ाने के लिए कार्य करने, नैतिकता के साथ राष्ट्र प्रेम से विद्यार्थियों को जोड़ने और महापुरुषों के आदर्श जीवन को अपनाते हुए उनमें राष्ट्रभक्ति के विचार भरने पर भी जोर दिया। उन्होंने कहा कि भविष्य के विकसित भारत के निर्माण के लिए सभी मिलकर कार्य करें। इससे पहले भारतीय प्रशासनिक सेवा के पूर्व अधिकारी और जयपुर डायलॉग के संस्थापक संजय दीक्षित ने जयपुर डायलॉग्स 2024 के अंतर्गत रिक्लेमिंग भारत की वृहद सोच के बारे में विस्तार से अवगत कराया।

राज्यपाल हरिभाऊ बागडे ने जयपुर डायलॉग-2024 के वार्षिक समारोह का शुभारंभ किया।

हाईकोर्ट बार और बेंच में गतिरोध, सी.जे. की शिकायत राष्ट्रपति और सी.जे.आई.को

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन और बेंच के बीच गतिरोध एक बार फिर खुलकर सामने आ गया है। ऐसे में हाईकोर्ट बार ने न केवल हाईकोर्ट प्रशासन की ओर से आयोजित दिवाली स्नेह मिलन समारोह का बहिष्कार किया, बल्कि सीजे एमएम श्रीवास्तव की शिकायत करते हुए राष्ट्रपति, सीजेआई और प्रधानमंत्री सहित कानून मंत्री को पत्र भेजा है।

हाईकोर्ट बार एसोसिएशन के अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने बताया कि हाईकोर्ट प्रशासन ने रोस्टर प्रणाली में सुधार नहीं किया है। वहीं एक जज के समक्ष सुनवाई के लिए हजारों केस सूचीबद्ध हो रहे हैं, जबकि एक दिन में अधिकतम दो सौ मुकदमों की ही सुनवाई हो सकती है। इसके अलावा सीजे को पत्र लिखकर दिवाली को देखते हुए लंबित तीन हजार जमानतों के मामलों की सुनवाई के लिए बेंच गठित करने का निवेदन किया था, लेकिन उनका कहना है कि इस पर भी कोई कार्रवाई नहीं हुई। यदि उनका ऐसा ही रवैया रहा तो हमें उनकी कोर्ट का भी बहिष्कार करना पडेगा।

- **हाईकोर्ट बार एसो. ने हाईकोर्ट प्रशासन के दिवाली स्नेह मिलन समारोह का बहिष्कार किया**

मामले को जानने वाले वकीलों ने बताया कि बार की ओर से अध्यक्ष प्रहलाद शर्मा ने मुख्य न्यायाधीश की अदालत में गुहार की थी कि दिवाली उत्सव को देखते हुए जमानत से संबंधित मामलों को सुनने के लिये जजों के रोस्टर में फेरबदल किया जाये और कुछ दिनों के लिये फौजदारी के मामले सुनने के लिये जजों की बैंच बढ़ाई जायें। अधिवक्ताओं का कहना है कि मुख्य न्यायाधीश ने इस पर तुरंत ही स्वीकृति नहीं दी क्योंकि सिविल मामलों की सूची भी लंबी है। हालांकि मुख्य न्यायाधीश ने रोस्टर में फेरबदल किया है और जमानती मामले सुनने के लिये विषय आधारित रोस्टर का गठन किया जिससे दिवली की छुट्टियों के पहले ज्यादा से ज्यादा जमानत से संबंधित मामले सुने जा सकें।

देवली-उनियारा में नरेश मीणा ने ठोकी ताल

जयपुर, (का.प्र.)। राजस्थान की सात विधानसभा सीटों के उपचुनाव में भाजपा ने न सिर्फ पहले उम्मीदवार घोषित किए, बल्कि तमाम बागियों को भी बिठाकर सफलता प्राप्त की। इधर पहले तो कांग्रेस ने उम्मीदवारी में देरी की, अब कांग्रेस में बगावत हो गई है और कांग्रेस के लिए संकट खड़ा कर रही है।

कांग्रेस की बगावत के साथ ही राजस्थान में एक और सीट पर अब त्रिकोणीय मुकाबला देखने को मिलेगा। देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर बीजेपी ने पूर्व विधायक राजेन्द्र गुर्जर को टिकट दी है, तो कांग्रेस से केसी मीणा प्रत्याशी के रूप में मैदान में हैं। अब इस सीट से नरेश मीणा ने पूरी ताकत दिखाते हुए बतौर निर्दलीय प्रत्याशी शुक्रवार को पर्चा दाखिल कर दिया है।

विधानसभा उपचुनाव के लिए देवली-उनियारा विधानसभा सीट पर युवा कांग्रेस नेता रहे नरेश मीणा ने अपना नामांकन पत्र शुक्रवार को दाखिल किया। मीणा ने कांग्रेस से बगावत करते हुए निर्दलीय के रूप में नामांकन भरा है। इस दौरान बड़ी संख्या में नरेश मीणा के समर्थक भी मौजूद रहे। नामांकन दाखिल करने के बाद नरेश मीणा मीडिया के मुखातिब हुए और कांग्रेस पर गंभीर आरोप लगाए। उन्होंने कहा कि वे अपने समर्थकों से बात करने के बाद ही चुनाव मैदान में आए हैं और इस बार वे सभी दिवाली भी इसी देवली-उनियारा में मनाएंगे।

अवैध और नकली शराब बनाने वालों पर आबकारी विभाग ने शिकंजा कसा

आबकारी विभाग ने जयपुर क्षेत्र में अवैध शराब निर्माताओं के ठिकानों पर दबिश देकर भट्टियां नष्ट कीं।

जयपुर। जिला कलक्टर डॉ. जितेन्द्र कुमार सोनी के निर्देशन में जिला आबकारी अधिकारी कार्यालय की टीम ने अवैध एवं नकली शराब के उत्पादन, भंडारण एवं परिवहन के खिलाफ बड़ी कार्रवाई को अंजाम दिया है।

जिला आबकारी अधिकारी, जयपुर शहर देविका तोमर ने बताया कि आबकारी विभाग द्वारा अवैध एवं नकली शराब के निर्माण, भण्डारण एवं परिवहन की रोकथाम हेतु विशेष अभियान के तहत लगातार कार्रवाई की जा रही है। पेट्रोलिंग ऑफिसर्स किशन सिंह, रामचन्द्र एवं ममता शार्दुल के नेतृत्व में जयपुर शहर के आबकारी थानों में कुल 51 अभियोग दर्ज कर 90 व्यक्तियों को गिरफ्तार किया गया एवं 2830 पव्वे देशी एवं अंग्रेजी शराब, 101 लीटर नाजायज हथकड़ शराब, 72 बोतलें अन्य राज्यों की शराब व बीयर सहित 6 वाहनों को जप्त किया जा चुका है।

- **आबकारी टीम ने 90 लोग गिरफ्तार कर 1000 लीटर वाश व 6 भट्टियां नष्ट की, अवैध शराब भी जब्त की**

उन्होंने बताया कि अभियान के दौरान करीब 1000 लीटर वाश एवं 6 भट्टियां भी नष्ट की गई है। अभियान के दौरान भविष्य में भी अवैध शराब निर्माण एवं परिवहन में लिप्त संदिग्ध व्यक्तियों की धरपकड़ के लिए विशेष रेड गश्त एवं नाकाबंदी की जावेगी।

दुर्ग सिंह चौहान भाजपा में शामिल

जयपुर। खींवसर विधानसभा सीट पर उपचुनाव के बीच खींवसर के नेता दुर्ग सिंह चौहान शुक्रवार को भारतीय जनता पार्टी में शामिल हुए। बीजेपी प्रदेशाध्यक्ष मदन राठौड़ ने दुर्ग सिंह चौहान को दुपट्टा पहनाकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल कराया। इस दौरान प्रदेश महामंत्री श्रवण सिंह बगड़ी एवं बीजेपी नेता महेन्द्र सिंह भाटी उपस्थित रहे। दुर्ग सिंह चौहान के भाजपा में शामिल होने से खींवसर में भाजपा को मजबूती मिलेगी।

साथ ही, खींवसर के अखेसिह जोधा, मंशाराम देवासी, अंबाराम वैष्णव, पुनाराम मेघवाल, महेंद्र सिंह राजपुरोहित, तुलसीराम सैनी, भंवरराम बावरी, अभिमन्यू चौहान, महेंद्र मेघवाल, हरिराम बावरी, अलादीन खा, रिडमल सिंह जोधा, देवी सिंह राठौर, ओमप्रकाश मेघवाल, श्याम सुंदर शर्मा, नरेन्द्रसिंह राठौर, परशाराम माली, उमेदसिंह चारण, बुदाराम प्रजापत, नवीन शर्मा को भी प्रदेशाध्यक्ष ने दुपट्टा पहनाकर भारतीय जनता पार्टी में शामिल किया।

मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा से दुर्ग सिंह चौहान सहित भाजपा में शामिल हुए नेताओं ने मुख्यमंत्री निवास पर शिष्टाचार भेंट की। इस दौरान दुर्ग सिंह चौहान ने मुख्यमंत्री को विश्वास दिलाया कि खींवसर की जनता भारतीय जनता पार्टी के साथ है और खींवसर सीट से भारतीय जनता पार्टी भारी मतों से विजयी होगी।

प्रदेश की खनिज संपदा थीम पर आधारित होगा राइजिंग राजस्थान माइंस प्री-समिट

8 नवंबर को जयपुर में होंगे माइंस सेक्टर के निवेश प्रस्तावों के एम.ओ.यू.

जयपुर। माइंस विभाग के प्रमुख शासन सचिव टी. रविकान्त ने बताया है कि 8 नवंबर को जयपुर में आयोजित माइंस व पेट्रोलियम सेक्टर के राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट का प्री-समिट राजस्थान की अर्थव्यवस्था का मुख्य प्रेरक प्रदेश की खनिज संपदा थीम पर आधारित होगा। राइजिंग राजस्थान इंवेस्टमेंट समिट में रोड शो व जिला स्तर पर आयोजित समिटों में समग्र रुप से अब तक माइनिंग सेक्टर के 50 हजार करोड़ रु. से अधिक के निवेश प्रस्ताव हस्ताक्षिरत हो चुके हैं।

उन्होंने बताया कि 8 नवंबर को आयोजित माइंस प्री समिट में माइनिंग व पेट्रोलियम सेक्टर में अधिक से अधिक निवेश प्रस्तावों के एमओयू कराने के लिए माइनिंग विभाग की फील्ड टीम को सक्रिय किया गया है।

प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त खनिज भवन में 8 नवंबर को प्रस्तावित माइंस सेक्टर प्री समिट की तैयारियों की समीक्षा कर रहे थे। उन्होंने निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल, जेएस आशु चौधरी, नोडल अधिकारी अतिरिक्त निदेशक बीएस सोढ़ा सहित प्रभारी अधिकारियों के साथ विस्तार से चर्चा की। उन्होंने विभाग के फील्ड अधिकारियों एडीएम, एडीजी, एमएसई, एसजी, एमई और एएमई अधिकारियों को स्थानीय स्तर के निवेशकों को भी खनन क्षेत्र में निवेश करने के लिए समन्वय बनाते हुए आगे लाने के निर्देश दिए हैं। उन्होंने कहा कि राजस्थान खनिज संपदा की दृष्टि से समृद्ध प्रदेश है और खनिज खोज व खनन के साथ खनिज आधारित उद्योगों की स्थापना की विपुल संभावनाएं हैं। खनिज क्षेत्र में निवेश से रोजगार, राजस्व और औद्योगिक विकास की नई राह खुलेगी। राजस्थान आज माइनिंग सेक्टर में तेजी से आगे बढ़ रहा है।निदेशक माइंस भगवती प्रसाद कलाल ने बताया कि रोड शो व जिला स्तर पर खनन क्षेत्र की बड़ी संख्या में निवेश प्रस्तावों के एमओयू हस्ताक्षिरत हुए हैं। उन्होंने कहा कि 8 नवंबर को आयोजित प्री समिट में भी खनिज क्षेत्र में हैण्डसम अमाउंट के एमओयू हस्ताक्षिरत कराने के लिए निवेशकों से संपर्क साधा जा रहा है और इसके सकारात्मक परिणाम सामने आ रहे हैं।संयुक्त सचिव आशु चौधरी ने आवश्यक जानकारी दी। नोडल अधिकारी बीएस सोढ़ा ने बताया कि प्री समिट में देश के खनिज क्षेत्र के विशेषज्ञों को भी आमंत्रित किया जा रहा है जिससे खनिज क्षेत्र में देश दुनिया में हो रहे बदलावों की जानकारी और अनुभवों को साझा किया जा सकेगा।

खान विभाग के प्रमुख सचिव माइंस टी. रविकान्त ने शुक्रवार को खनिज भवन में 8 नवंबर को प्रस्तावित माइंस सेक्टर प्री समिट की तैयारियों की समीक्षा की।

- **अब तक 50 हजार करोड़ से अधिक के निवेश प्रस्ताव हस्ताक्षिरत**

प्रमुख सचिव टी. रविकान्त ने प्रभारी अधिकारियों अतिरिक्त निदेशक एमपी मीणा को फील्ड अधिकारियों के माध्यम से प्रोस्पेक्टिव निवेशकों से संवाद कायम करने, अतिरिक्त निदेशक पेट्रोलियम अजय शर्मा से प्रकाशनों व प्रदर्शनी, एडीजी आलोक जैन से विषय विशेषज्ञों से समन्वय, एसएमई विजिलेंस प्रताप मीणा से प्री समिट में प्रतिभागियों आदि के बारे में विस्तार से जानकारी ली। उन्होंने स्पष्ट संदेश दिया कि राइजिंग राजस्थान ग्लोबल इंवेस्टमेंट समिट के माइंस विभाग के प्री समिट को अधिक उपादेय व बहुआयामी बनाया।

आरक्षण नहीं देने पर मांगा जवाब

जयपुर। राजस्थान हाईकोर्ट ने फार्मासिस्ट भर्ती-2023 में एक हाथ और एक पांव वाले दिव्यांग अभ्यर्थी को आरक्षण का लाभ नहीं देने पर केन्द्र सरकार, प्रमुख चिकित्सा सचिव और सिफू निदेशक को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। इसके साथ ही अदालत ने भर्ती की नियुक्तियों को याचिका के निर्णय के अधीन रखा है। सीएम एमएम श्रीवास्तव और जस्टिस आशुतोष कुमार की खंडपीठ ने यह आदेश पंकज कुमार खियानी की याचिका पर सुनवाई करते हुए दिए। याचिका में अधिवक्ता हरेन्द्र नील ने अदालत को बताया कि राज्य सरकार ने 5 मई, 2023 को फार्मासिस्ट के 2859 पदों पर भर्ती निकाली।

दीवाली लाइटिंग का शुभारम्भ

जयपुर। उपमुख्यमंत्री दिया कुमारी ने शुक्रवार को सीकर रोड व्यापार मंडल द्वारा की जा रही बाज़ार साज-सज्जा में लाईट डेकोरेशन का शुभारम्भ किया। इस मौक़े पर विधायक बालमुकुंदाचार्य भी मौजूद थे। उपमुख्यमंत्री ने सभी क्षेत्रवासियों को त्योहारों की बधाई देते हुए कहा कि मुख्यमंत्री भजनलाल शर्मा के नेतृत्व में राज्य की पूरी टीम विद्याधर नगर के सर्वांगीण विकास के लिए वचनबद्ध है औऱ तेज़ी से विकास के काम शुरु किये।